कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 17-03-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में बैंकों व वित्तीय प्रतिष्ठानों के आस-पास चला सघन चेकिंग अभियान, 29 वाहन सीज, 1730 वाहनों का हुआ चालान।

- **सीपी के निर्देशन में होली की छुट्टियों के बाद खुले बैंकों व वित्तीय प्रतिष्ठानों के आस-पास चला सघन चेकिंग अभियान।**
- **बिना नम्बर एवं दो पहिया वाहन पर तीन सवारी के चेकिंग अभियान में 29 वाहन सीज, 1730 वाहनों का हुआ चालान।**

आज दिनांक 17-03-2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कानून एवं व्यवस्था के दृष्टिगत होली अवकाश के बाद खुले बैंकों व वित्तीय प्रतिष्ठानों के आस-पास सम्पूर्ण कमिश्नरेट वाराणसी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों, विशेषकर यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले चालकों यथा दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना नम्बर प्लेट वाहनों आदि के विरूद्ध कार्यवाही की गई। उक्त अभियान में कमिश्नरेट वाराणसी के समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी, निरीक्षक/उपनिरीक्षक यातायात, चौकी प्रभारी एवं अन्य कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। कमिश्नरेट वाराणसी में चलाये गये इस विशेष चेकिंग अभियान में 29 वाहनों को सीज किया गया तथा 1730 वाहनों का चालान किया गया।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।